एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

PAGE NO 6 : MIDDLE

कफन और पंचलाइट को अभिनय कौशल से कलाकारों ने किया जीवंत

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा ए सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स में आयोजित तीन दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी कफन और फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी पंचलाइट पर आधारित नाटकों का मंचन कर अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

थिएटर विशेषज्ञ एवं निर्देशक राघव जोशी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों को दो टीमों में बांटा गया। दोनों टीमों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिनय कौशल, संवाद अदायगी और मंचीय बारीकियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटकों के मंचन में प्रतिभागियों ने पिछले दो दिनों के दौरान सीखी गई तकनीकों का उपयोग किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिनय क्षमता को विकसित करना तथा उन्हें रंगमंच की व्यावहारिक बारीकियों से परिचित कराना था। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अभिनय और मंच प्रस्तुति से जुड़ी विभिन्न विधाओं को समझने का अवसर मिला। समापन समारोह में चेयरमैन, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार और डॉ. रीता शर्मा उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।



नाटक का मंचन करते कलाकार।